# देखा अजब नजारा दरबार में कन्हैया लिरिक्स

देखा अजब नजारा,
दरबार में कन्हैया,
दुनिया हुई दीवानी,
तेरे प्यार में कन्हैया।bd।

---

करते कभी हो जादू,
कभी मारते हो टोना,
सृष्टि चलाते ऐसे,
चाबी भरा खिलौना,
बांधा है तुमने सबको,
एक तार में कन्हैया,
दुनिया हुई दीवानी,
तेरे प्यार में कन्हैया।bd।

---

आंखों में बस गया है,
दिलकश तेरा नजारा,
जिसने भी तुमको देखा,
वह हो गया तुम्हारा,
ऐसी कशिश है तेरे,
दीदार में कन्हैया,
दुनिया हुई दीवानी,
तेरे प्यार में कन्हैया।bd।

---

कब दिन निकल रहा है,
कब रात हो गई है,
हर वक्त मस्तियों की,
बरसात हो गई है,
बहते ही जा रहे है,
रस धार में कन्हैया,
दुनिया हुई दीवानी,
तेरे प्यार में कन्हैया।bd।

---

जालिम तेरी अदाएं,
आँखे तेरी कटारी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मुस्कान तेरी कातिल,
कैसे बचे बिहारी,
तुम्हें जीत में मजा है,
हमें हार में कन्हैया,
दुनिया हुई दीवानी,
तेरे प्यार में कन्हैया।bd।

---

देखा अजब नजारा,
दरबार में कन्हैया,
दुनिया हुई दीवानी,
तेरे प्यार में कन्हैया।bd।

**Singer – Shri Vinod Agrawal Ji**
**Upload By – Rishi Vijayvargiya**
**7000073009**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com